खबर संक्षेप

## वृक्ष विहीन बनाया जा रहा है मैहर नगर को

**सड़कों के किनारे लगे हरे कीमती शीशम के पेड़ों का कत्ल**

**मैहर।** मैहर नगर जिला क्या बना नगर के नागरिकों के सामने प्रतिदिन कोई न कोई समस्या खड़ी होती रहती है। नगर में पानी की समस्या को हल किया गया लेकिन इस गर्मी में सड़कों के किनारें बनी नालियां भरी गंदगी से सड़ाध मार ही है। इसी तरह लोगों को सांस लेने के लिए अब शुद्ध हवा भी मिलनी मुश्किल हो रही है क्यों कि नगर में हरे पेड़ों का कत्ल सरेआम हो रहा है मगर नगर पालिका को नहीं दिख रहा है। आज कई महीनों से घंटाघर से लेकर मंदिर तक सड़क के किनारे लगे सैकड़ों कीमती पेड़ों को काट डाला गया जिससे इस क्षेत्र में वायु पदूषण फैल रहा है क्यों इस रोड में दिन रात वाहनों के चलने से वायु प्रदूषण फैलता है। इसी तरह नगर पालिका के सामने विष्णु सागर के किनारें लगे कई शीशम के पेड़ों को धीरे धीरे काटा जा रहा है मगर यह किसके आदेश से कट रहे है यहां पर कौन सी योजना का लाभ दिया जाएगा। इसी तरह अगर नगर पालिका निष्क्रिय रही तो दो चार में मैहर नगर में पेड़ देखने को नहीं मिलेगा।इन पेड़ों को काटा गया मगर इतनी कीमती लकड़यिों कहां रखा गया गया है किसी को पता चल रहा है इसी विष्णु सागर के किनारें लगे पेड़ों को खत्म कर दिया जा रहा है। जन चर्चा में है कि कीमती लकड़यिों को किसी खास मकसद के लिए रखा गया है जो बताया नहीं जा रहा है यह तो नगर पालिका के लिए जांच का विषय है।

## एकेएस विश्वविद्यालय में अम्बेडकर जयंती पर भव्य आयोजन



**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय,सतना में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ.भीमराव अम्बेडकर की जयंती के शुभ अवसर पर दिनांक 14 अप्रैल 2025 को भव्य समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.विश्वास चौहान,मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के प्रशासनिक सदस्य एवं विधि विशेषज्ञ रहे। डॉ.चौहान ने अपने संबोधन में सामाजिक समरसता पर डॉ.अंबेडकर की दृष्टि पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने डॉ.अम्बेडकर के सामाजिक न्याय,शिक्षा और समानता पर आधारित विचारों की महत्ता पर चर्चा की। उन्होंने छात्रों को संविधान के मूल्यों को आत्मसात कर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉ.बी.ए. चोपड़े ने करते हुए डॉ.अम्बेडकर के विचारों को आज के समय में और अधिक प्रासंगिक बताया। विशिष्ट अतिथियों के रूप में प्रोचांसलर अनंत कुमार सोनी,प्रोवाइस चांसलर डॉ.हर्षवर्धन तथा डॉ. आर.एस. त्रिपाठी उपस्थित रहे। विधि संकाय के डीन डॉ.सुधीर कुमार जैन ने डॉ.अम्बेडकर के विधिक दृष्टिकोण,संवैधानिक योगदान और शिक्षा के प्रति उनके दृष्टिकोण पर विस्तृत प्रकाश डाला।कार्यक्रम में विधि संकाय के सहअध्यापकगण विनय कुमार पाठक,हरिशंकर कोरी,शशिकांत दुबे एवं प्रशांत कुमार ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए तथा छात्रों को डॉ.अम्बेडकर के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया।छात्रों ने इस अवसर पर निबंध,भाषण एवं पोस्टर प्रस्तुतियाँ देकर डॉ.अम्बेडकर को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।यह आयोजन न केवल एक श्रद्धांजलि था,बल्कि संविधान,समानता, न्याय और मानव अधिकारों की भावना को पुनः जागृत करने का एक सशक्त प्रयास भी था। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# नजीराबाद में इजरायली पोस्टर मामले में आईजी बोले-जरूरत पड़ी तो एसआईटी गठित करेंगे

**मंगलवार को यहां चस्पा किए गए थे पोस्टर, पुलिस की जानकारी के बाद नगर निगम ने हटाया**



**सतना।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के नजीराबाद में मंगलवार सुबह इजरायली प्रोडक्ट के बहिष्कार के दीवारों पर चश्पा किए गए पोस्टर के मामले में रीवा रेंज के आईजी गौरव राजपूत ने कहा है कि इस मामले में तफ्तीश की जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि इसके पीछे मकसद क्या है। बुधवार को सतना पहुंचे रीवा रेंज के आईजी गौरव राजपूत ने कहा है कि तफ्तीश के बाद अगर आवश्यकता होती है कि यह मामला गंभीर है तो इसके लिए एसआईटी भी गठित की जाएगी। आपको बता दें कि मुस्लिम बहुल क्षेत्र नजीराबाद में इसराइल प्रोडक्ट के बहिष्कार को लेकर मंगलवार की सुबह यहां दीवारों पर पोस्टर देखे जाने के बाद खलबली मची हुई है। जानकारी मिलने के बाद में नगर निगम प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर दीवारों से पोस्टर भी हटा दिए हैं। जिन घरों की दीवारों पर पोस्टर लगे थे उन घरों पर रहने वाले लोग इस बात को लेकर हैरान है कि आखिर उनके घर की दीवारों पर इजरायल प्रोडक्ट बहिष्कार के पोस्टर किन लोगों ने लगाए हैं।

### पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी कैमरे

सिटी कोतवाली के टी आई रावेंद्र द्विवेदी ने बुधवार को बताया कि पोस्टर लगे होने की जानकारी मिलने के बाद नगर निगम प्रशासन को सूचित किया गया था। तत्पश्चात संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत नगर निगम में पोस्टर हटाए हैं। इस बात की जानकारी एकत्रित की जा रही है कि आखिर किन सामाजिक तत्वों द्वारा पोस्टर लगवाए गए हैं। इसके लिए सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग चेक की जा रही है।

# नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस ने कलेक्ट्रेट परिसर में किया प्रदर्शन



**सतना।** कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की चार्जशीट का विरोध किया। बुधवार दोपहर 2 बजे कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट पर कांग्रेसियों ने एकत्र होकर भाजपा के खिलाफ नारेबाजी की।विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा और जिलाध्यक्ष समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया।विधायक कुशवाहा ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी और उनकी टीम सोनिया-राहुल से डरी हुई है। उन्होंने कहा कि सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया जा रहा है, जिसे वे बर्दाश्त नहीं करेंगे। प्रदर्शनकारियों ने एसडीएम राहुल सिलाडिया को राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा। मामला नेशनल हेराल्ड केस से जुड़ा है,जिसमें ईडी ने विशेष जज की कोर्ट में 988 करोड़ रुपए की मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगाते हुए सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। इस कार्रवाई के विरोध में पूरे प्रदेश में कांग्रेस कार्यकर्ता ईडी के दुरुपयोग का आरोप लगा रहे हैं।

## कोठी पुलिस ने गिरफ्तार किया 6 स्थाई वारंटी



**सतना।** कोठी थाना पुलिस द्वारा गस्त के दौरान छह वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। सभी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से कोर्ट ने उन्हें जेल भेज दिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम रंजीत विश्वकर्मा पिता शिवप्रसाद विश्वकर्मा 20 साल निवासी उदयसागर,रमेश कोल पिता जोगी कोल 35 साल निवासी कमलो,बेटाराम कुशवाहा पिता ललुआ 45 साल निवासी पवैया,केदार प्रसाद शर्मा पिता रामरुचि शर्मा 72 साल निवासी रनेही,रामनरेश शर्मा पिता रामधनी शर्मा 65 साल निवासी रनेही व ओमप्रकाश त्रिपाठी उर्फ छोटा पिता अरुण त्रिपाठी उम्र 28 साल निवासी कटरा मोहल्ला कोठी शामिल है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी मनीष भारद्वाज (परि.भापुसे),अश्वनीधर द्विवेदी, राजबहादुर सिंह,अरुण पाण्डेय,देवेन्द्र सेन,जगदीश मीणा,आशीष द्विवेदी,महेश बंसल,मानवेन्द्र सिंह, सुधीश अग्निहोत्री,आर.रिंकू जाटव,रामनरेश बैगा,राजपाल बागरी,कुलदीप सिंह,रामगणेश पटेल,म. आर.रूबी सिंह,मनीषा तिवारी,सैनिक संजीव बागरी,पुष्पेन्द्र सिंह आदि शामिल रहे।

## सोनिया-राहुल पर ईडी की कार्रवाई पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



**मोदी सरकार पर लोकतंत्र का कुचलने की साजिश का आरोप**

**मैहर।** नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी के द्वारा पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ की गई कार्रवाई के विरोध में जिला कांग्रेस के द्वारा तहसील कार्यालय के प्रांगण में प्रदर्शन कर जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई की अगुवाई में देश के राष्ट्रपति के नाम एसडीएम के माध्यम से तहसीलदार जितेन्द्र पटेल को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें ईडी की निष्पक्षता पर सवाल उठाए गए और केंद्र सरकार की कार्यप्रणाली की जांच की मांग की गई। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष धर्मेश घई ने कहा कि अंहकारियों के द्वारा फिर से लोकतंत्र को कुचलने की साजिश की जा रही है वहीं अघोषित आपातकाल का दौर चल रहा है। आज देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इशारे पर नेशनल हेराल्ड की संपत्ति जो लगभग 641 करोड़ होगी जब्त करने की कार्रवाई की जा रही है। आज ईडी सीबीआई सत्ता पक्ष का हथियार बन चुका है। इस अवसर पर अरुण तनय मिश्रा,ब्लॉक अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी दद्दा,रविद्र सिह गुड्डू,केशव प्रसाद चौरसिया,पूर्व पार्षद चूड़ामणि बाढ़ोलिया,रामराज सिंह,दिलीप द्विवेदी,जितेंद्र कुशवाहा,रजनीश शर्मा,अखिल मिश्रा,शिवम पांडे,पंकज मिश्रा,शंकर दत्त पांडे,ऋषिकेश पांडे,राजेंद्र सिंह,बबलू मिट्ठू,महाराज नागेंद्र सिंह,सौरभ गुप्ता,पंकज कुशवाहा,सोमदत्त साकेत,देवांग चौरसिया,अक्षय कुमार दहिया,मोहम्मद शरीफ,दीनदयाल कोल,नसीब खान सहित जिले वरिष्ठ नेता,ब्लॉक कांग्रेस,किसान कांग्रेस,युवा कांग्रेस,सेवा दल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मकान बनाते समय गिरे मजदूर की मौत, ठेकेदार दे रहा है धमकी

**मृतक की पत्नी ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर सहायता राशि की मांग की**

मैहर। मैहर अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर 2 उदयपुर निवासी राजेश चौधरी की मौत 5 अप्रेल को राजू जैन के इटहरा स्थित निर्माणाधीन मकान की दूसरी मंजिल से सेटरिंग बांधते समय गिर जाने से मौत हो गई थी जिसकी रिपोर्ट थाने में की गई थी।मृतक का पीएम भी कराया गया था।मृतक की पत्नी रामदुलारी चौधरी बेवा राजेश चौधरी ने जिला कलेक्टर को दिए आवेदन में कहा है कि मेरे पति की मौत के बाद से मेरी आर्थिक स्थिति खराब हो गई है।क्यों कि मेरे पति ही मजदूरी कर पूरे परिवार का पेट पालते रहे हैं और अब कोई कमाने वाला नहीं है जिससे परिवार के सामने भूखों मरने की नौबत आ गई किंतु माकान मालिक राजू जैन एवं ठेकेदार बाबूलाल चौधरी के द्वारा किसी प्रकार की सहायता नहीं की जा रही है और जब सहायता मांगने जाते हैं तो भगा दिया जाता है साथ ही मोबाइल पर मारने की धमकी दी जाती है। फरियादिया बेवा रामदुलारी चौधरी ने जिला कलेक्टर को आवेदन देकर कहा है कि मेरे पति की मौत निर्माणधीन माकान की दूसरी मंजिल से सेटरिंग बांधते समय गिर कर मौत हुई अतः माकान मालिक एवं ठेकेदार से सहायता राशि दिलवाई जाए जिससे मेरे परिवार की स्थिति सामान्य हो जाए।

## तमस नदी के उद्गम स्थल में की गई पूजा अर्चना



**मैहर।** मैहर जिले के ग्राम पंचायत झुकेही में मध्य प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने जल गंगा अभियान के तहत तमस नदी के उद्गम स्थल पर पहुंच कर पूजा अर्चना कर क्षेत्रीय जनों के लिए सुख समृद्धि की प्रार्थना की। इस इस अवसर पर सांसद गणेश सिंह,जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल,उपाध्यक्ष सुष्मिता सिह,जिला जनपद सदस्य जयंती महेश तिवारी,कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड़,जिला सीईओ संजना जैन, एसडीएम विकास सिंह,जनपद सीईओ प्रतिपाल बागरी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## समग्र ई-केवायसी के कार्य में गति लायें: कलेक्टर

**समय-सीमा प्रकरणों की बैठक संपन्न**



**सतना।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने समग्र पोर्टल में नागरिकों के समग्र आईडी का आधार के साथ शत-प्रतिशत ई-केवायसी पूर्ण कराने के कार्य में गति लाने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं। बुधवार को सम्पन्न समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर ने नगरीय निकायवार एवं जनपदवार ई-केवाईसी कार्य की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह,एसडीएम विकास सिंह, डॉ.आरती सिंह,डीपीओ सौरभ सिंह,डीपीसी विष्णु त्रिपाठी,सीईओ जनपद ओपी अस्थाना,एमएल प्रजापति,नगर पालिका सीएमओ सुषमा मिश्रा सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा कि प्रदेश में समग्र पोर्टल में नागरिकों के समग्र आईडी का आधार के साथ शत-प्रतिशत ई-केवायसी पूर्ण कराने का अभियान 31 मई तक चलाया जा रहा है। जिले में लक्ष्य पूर्ति के अनुरूप प्रगति लाये। उन्होंने कहा कि विशेष अभियान अवधि में सभी ग्राम पंचायत और वार्ड लेवल पर शिविर लगाये जा रहे हैं।इनमें वार्ड प्रभारी और ग्राम रोजगार सहायक,सचिव तथा सेवा प्रदाता एजेंसी,एमपी ऑन लाइन,सीएससी,एलएसके के माध्यम से ई-केवायसी कराये। नागरिकों के लिए यह सेवा निःशुल्क है। इसके लिए राज्य शासन की ओर से निर्धारित दरों के अनुसार प्रति समग ई-केवायसी करने पर सेवा प्रदाता एजेंसी और जीआरएस,सचिवों को राशि भुगतान भी किया जा रहा है। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि प्रदेश स्तर की ग्रेडिंग में अब समय कम है। अवकाश के दिनों में सीएम हेल्पलाइन में फोकस करते हुए ग्रेडिंग में सुधार लाये। उन्होंने कहा कि 50 दिवस से ऊपर की शिकायतों पर विशेष ध्यान दें और संतुष्टिपूर्ण निराकरण पर विशेष जोर दे। सी और डी ग्रेड रहे विभागों को पत्र लिखते हुए उन्होंने सभी विभागों को ए श्रेणी में आने का प्रयास करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी शत-प्रतिशत आंगनवाडियों का निरीक्षण कर एक सप्ताह के भीतर निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने कहा कि गर्मी के मौसम में मिठाइयां और खाद्य पदार्थ शीघ्र खराब होते है। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी खाद्य पदार्थ विक्रय की दुकानों का सतत निरीक्षण और सेम्पलिंग का कार्य तेज करें। बताया गया कि मैहर जिले में 1800 खाद्य पदार्थ की दुकानों का रजिस्ट्रेशन है लेकिन अब तक 500 दुकानों ने ही रजिस्ट्रेशन लिये है। कलेक्टर ने कहा कि दुकानों के रजिस्ट्रेशन और रेन्युअल के लिए शिविर लगाकर कार्यवाही करें। कलेक्टर ने कहा कि जनपद पंचायत सीईओ नरवाई जलाने की घटनाओं की जानकारी पंचायत सचिव और कोटवारों से संकलित कर अगली टीएल बैठक में प्रस्तुत करें। धरती आबा अभियान की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि शत-प्रतिशत लक्ष्यानुसार हितग्राहियों को हितलाभ वितरण सुनिश्चित किया जाये। पेयजल की स्थिति में बताया गया कि अमरपाटन के अमझर और पठरा में पेयजल की समस्या है। उन्होंने कहा कि जल संरचनाओं को खसरे में दर्ज करने के साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन करना सुनिश्चित किया जाये। उपार्जन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि राजस्व,खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम और सहकारिता के अधिकारी निरंतर रूप से उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करें। ताकि उपार्जन में किसी भी प्रकार की गडबडी संभव नहीं हो सके। आगामी बरसात में वृक्षारोपण कार्य के लिए सुरक्षित साइड का चयन कर गड्ढे इत्यादि की आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश भी बैठक में दिये गये।

## एसपी और सीएसपी कार्यालय को मिला आईएसओ अवार्ड

**अवार्ड जीतने पर सतना पुलिस की प्रशंसा की**

**सतना।** पुलिस अधीक्षक और नगर पुलिस अधीक्षक कार्यालय को आईएसओ अवार्ड से नवाजा गया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर बुधवार को पुलिस लाइन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें रीवा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत शामिल हुए।







## खबर संक्षेप

### तेज रफ़्तार ट्रक की टक्कर से बाइक चालक हुआ घायल, इलाज के बाद हुआ मामला दर्ज

**अमानगंज ।** पन्ना सड़क मार्ग पर लगातार सड़क दुर्घटनाओं का दौर निरंतर जारी है इसे रोक पाने के लिए स्थानीय प्रशासन की कमजोरी निरंतर देखी जा रही है नगर में बाईपास सड़क मार्ग पूरी तरह उपलब्ध हो चुका है इसके बावजूद बड़े वाहनों का और तेज रफ्तार वाहनों का नगर में प्रवेश दुर्घटनाओं का कारण कहीं ना कहीं बना है गत 10 अप्रैल को तेज रफ्तार ट्रक ने पन्ना अमानगंज सड़क मार्ग पर नदी पुल के आगे एक बाईक चालक को टक्कर मारी और सीधा निकल गया घटना में बाइक चालक अत्यंत गंभीर हो गया और प्राथमिक उपचार के बाद सीधा जबलपुर इलाज के लिए रवाना हुआ समय से चिकित्सकों के पास पहुंचने से उसकी जान बच गई और आज वापस आकर उसने मामले की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी फरियादी रामगोपाल पटेल पिताकाशीराम पटेल उम्र 40 वर्ष निवासी मोहंद्रा ने पुलिस को बताया कि घटना दिनांक 10 अप्रैल को तरस यह अपना काम करके वापस घर की ओर जा रहा था और जैसे ही ढाबा क्रॉस हुआ पुल के उसी तरफ सामने से आ रहा है ट्रक ने किसी टक्कर मारी और सीधा निकल गया इसके शरीर में कई स्थानों पर गंभीर चोटें फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला पंजी किया अब तक कौन है और किसका है यह पुलिस जांच का विषय है हालांकि तेज रफ्तार में यहां सीमेंट कंपनी के ही बाहन निकलते हैं।

### मरही माता मंदिर अधरकुआ में चल रही श्रीमद्भागवत कथा, दीपक शास्त्री जी महराज ने श्री कृष्ण जन्म और प्रहलाद चरित्र का किया वर्णन



**अमानगज।** अधरकुआ में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन प्रसिद्ध कथावाचक दीपक शास्त्री जी महाराज ने श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण के जन्म और भक्त प्रहलाद की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया कथा के दौरान शास्त्री जी ने कहा कि जब-जब धरती पर अधर्म बढ़ता है, तब भगवान किसी न किसी रूप में अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के प्रसंग में उन्होंने देवकी-वासुदेव के त्याग और कृष्ण के बाल्यकाल की लीलाओं का मार्मिक चित्रण किया, जिससे पंडाल जयकारों से गूंज उठा। इसके बाद उन्होंने भक्त प्रहलाद की कथा सुनाते हुए ईश्वर भक्ति की शक्ति को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि प्रहलाद जैसे भक्तों ने यह प्रमाणित किया कि सच्ची श्रद्धा से भगवान हर पल अपने भक्त की रक्षा करते हैं कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्ति भाव में लीन होकर कथामृत का रसपान किया। कथा श्रोता श्रीमती सोमवती पति हक्की सिंह राजपूत ने बड़े भाव से कथा सुनी। आज बाल लीला ओर गोवर्धन लीला का वर्णन होगा

### आयुष विभाग द्वारा लगाया गया शिविर

**पन्ना।** जिला आयुष अधिकारी डॉ. आर.के. वर्मा के मार्गदर्शन में गत दिवस आयुष्मान आरोग्य मंदिर पहाड़ीखेरा द्वारा ग्राम बड़ी लुहरहाई में गैर संक्रमित रोगों की पहचान, रोकथाम, नियंत्रण एवं प्रबंधन की थीम पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में गैर संक्रमित दीर्घकालिक रोग जैसे मधुमेह, हृदय रोग, पुरानी श्वास संबंधित बीमारी, ऑस्टियोपोरोसिस, ऑस्टियो आर्थराइटिस, ऑटो इम्यून रोग एवं स्ट्रोक के पहचान व रोकथाम की जानकारी दी गई। साथ ही मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार भी प्रदान किया गया। शिविर में सामान्य मरीजों का बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन जांच कर उदर रोग, चर्म रोग, बवासीर, मूत्र रोग, लीवर, श्वास, ज्वर, किडनी संबंधी बीमारी का परीक्षण कर औषधि का वितरण किया गया। इस दौरान जीवनशैली में नियमित रूप से योग एवं प्राणायाम को शामिल करने और स्वास्थ्यप्रद आहार लेने के लिए भी प्रेरित किया। स्वास्थ्य शिविर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर पहाड़ीखेरा के चिकित्सक सहित समस्त स्टॉफ भी उपस्थित रहा।

### शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पवई में जॉन डीयर का प्लेसमेंट आयोजित

# पॉलीटेक्निक पवई के विद्यार्थी मल्टीनेशनल कंपनी में करेंगे कार्य

पवई

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पवई में जॉन डीयर लिमिटेड के द्वारा प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पवई, पन्ना एवं कटनी के मैकेनिकल के विद्यार्थी शामिल हुये। प्लेसमेंट कार्यक्रम की शुरुवात माँ सरस्वती के पूजन से प्रारम्भ हुआ। इसके बाद कंपनी के एचआरए प्रमुख दशरथ सिंह भाटी एवं आपरेशनल डिपार्टमेन्ट से मनोज गुप्ता ने कंपनी के बारे में जानकारी देते हुया बताया कि यह मल्टीनेशनल कंपनी अमेरिका में वर्ष 1837 में प्रारम्भ हुई थी तथा भारत में पिछले 25 वर्षों से लगातार कार्य कर रही है। कंपनी के वर्तमान में भारत में दो मैनुफैक्चरिंग प्लांट पुणे और देवास में स्थित हैं। जिसमें मुख्य रूप से ट्रेक्टर का उत्पादन होता है।



यह प्लेसमेंट देवास के लिए किया गया है। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुये संस्था प्राचार्य अरविन्द त्रिपाठी ने विद्यार्थियों के स्किल पर ज़ोर देते हुये बताया कि केवल पढ़ाई से आगे बढ्ने के चांस कम होते है, एक बार किसी कंपनी में कार्य करने पर ही विद्यार्थी अपनी दक्षता को बढ़ा सकता है और इसी के आधार पर अपने भविष्य को सुखद बना सकता है। संस्था प्राचार्य द्वारा पूर्व में हुये प्लेसमेंट की जानकारी भी दी। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना से विशेष रूप से पधारे उत्कर्ष कुमार श्रीवास्तव विभागाध्यक्ष सीएसई द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये कहा कि यह एक सुनहरा अवसर है जब आप किसी कंपनी में जाकर अपनी पढ़ाई के दौरान अर्जित ज्ञान का सही उपयोग कर सकते हैं, उन्होने आगे कहा कि कोई भी कंपनी अच्छा वर्कर चाहती है और अच्छा वर्कर बनकर ही कंपनी में आगे बढ़ा जा सकता है।

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पवई के टीपीओ रामपाल कुशवाहा ने बताया कि इस प्लेसमेंट में शामिल होने हेतु पॉलीटेक्निक पवई, पन्ना एवं कटनी के कुल 168 विद्यार्थियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया था। जिसमें से पॉलीटेक्निक पवई से 18, पन्ना से 06 एवं कटनी से 09 विद्यार्थी कंपनी के रूल्स अनुसार चयनित हुये हैं। उन्होने आगे बताया कि कंपनी के द्वारा चयनित विद्यार्थियों को उनके मेल के माध्यम से जॉइनिंग लेटर भेजे जाएँगे।

सभी चयनित विद्यार्थियों को संस्था के आकाश गुप्ता व्याख्याता सिविल, एन पी वर्मा, ज्ञानेन्द्र सिंह, सन्नी कचेर, सचिन चौरसिया, निशि गर्ग, दीपचन्द अहिरवाल, पुष्पेंद्र गौतम, ज्योत्सना पटेल, श्रीमति रमा सोनी, बसंत बागरी, कृष्ण कुमार, मयंक भगत, नीरज सेन, महेंद्र अहिरवार, सुश्री राखी परमार, शैलेंद्र शुक्ला, इरशाद अली, श्रीमति प्रसून रेले, अभिषेक नामदेव, सृष्टि नागायच ने बधाइयाँ दी है। इस प्लेसमेंट को सफल बनाने में राजेश सेन, देवेंद्र गर्ग, पुनीत द्विवेदी, घनश्याम, लोकनाथ, सुशील, प्रवीण, विकास, श्रीमति राखी खंगार ने सहयोग दिया है।

# महिलाओं को मिली लाडली बहना योजना की 23वीं किस्त



**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मण्डला जिले के ग्राम टिकरवारा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश की लाडली बहनों को माह अप्रैल की मासिक सहायता राशि का अंतरण किया। लाभार्थी महिलाओं के बैंक खाते में योजना की 23वीं किस्त राशि सिंगल क्लिक के जरिए हस्तांतरित की गई। पन्ना जिले की एक लाख 83 हजार 398 लाडली बहनों को 22 करोड़ 44 लाख 87 हजार 700 रूपए की राशि अंतरित की गई। इनमें जनपद पंचायत अजयगढ़ क्षेत्र की 29 हजार 249, गुनौर की 33 हजार 266, पन्ना की 28 हजार 399, पवई की 33 हजार 794 और जनपद पंचायत शाहनगर अंतर्गत 37 हजार 241 महिलाएं शामिल हैं। इसी तरह नगर पालिका परिषद पन्ना क्षेत्र की 9 हजार 117, नगर परिषद अजयगढ़ की 2 हजार 162, नगर परिषद अमानगंज की 2 हजार 51, नगर परिषद देवेन्द्रनगर की 2 हजार 137, नगर परिषद गुनौर की 2 हजार 360, नगर परिषद ककरहटी की 1 हजार 512 तथा नगर परिषद पवई की 2 हजार 110 लाभार्थी महिलाएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को भी राशि का अंतरण किया। साथ ही सिलेंडर रीफिलिंग की राशि भी अंतरित की। जिला मुख्यालय पर कलेक्टेट के एनआईसी व्हीसी कक्ष में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मण्डला में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी उदल सिंह ठाकुर सहित संबंधित परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक एवं लाभार्थी महिलाएं भी उपस्थित रहीं।

# जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर विकास कार्यों का लिया जायजा

पन्ना

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी ने बुधवार को पन्ना विकासखण्ड की विभिन्न ग्राम पंचायतों को भ्रमण कर विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार सहित जनपद पंचायत सीईओ आनंद शुक्ला, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी भगवत पटेल, सहायक यंत्री प्रशांत नायक, उपयंत्री राकेश अरजरिया एवं ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव व ग्राम रोजगार सहायक भी उपस्थित रहे।





जिपं सीईओ ने ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर में संपर्कता सर्वे में अपलोड रोड का निरीक्षण कर कुछ कमियों में सुधार के निर्देश दिए। साथ ही प्रधानमंत्री आवास एवं जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कार्यों में प्रगति के लिए भी निर्देशित किया। ग्राम पंचायत रक्सेहा में प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सार्वजनिक कूप एवं मुख्य मार्ग के आसपास साफ-सफाई कराई गई। उन्होंने प्राचीन जल स्त्रोतों का पुनरूद्धार कार्य जनसहयोग से सफल बनाने के लिए कहा तथा शासन के निर्देशानुसार निरंतर गतिविधियां संचालित करने के निर्देश भी दिए। जिपं सीईओ द्वारा बिलखुरा में अटल सेवा केन्द्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पौधरोपण तथा भवन को शीघ्र पूर्ण कराने की बात कही। जमुनहाई में संपर्कता सर्वे में चयनित 2 सड़कों का निरीक्षण किया गया एवं प्रगतिरत प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों से संवाद कर अतिशीघ्र कार्य पूर्ण कराने के संबंध में चर्चा की गई। सीईओ ने सरपंच एवं सचिव व ग्राम रोजगार सहायक को आवास पूर्ण कराने के लिए हितग्राहियों को निर्माण हेतु आवश्यक सामग्री जैसे पानी, रेत, ईंट इत्यादि की सुगमतापूर्वक उपलब्धता के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा ग्राम पंचायत रहुनिया में संपर्कता सर्वे की 3 सड़कों तथा खेत तालाबों का निरीक्षण भी किया गया। रहुनियां के ग्राम गुजार में खेत तालाब के हितग्राहियों के साथ चौपाल का आयोजन कर पानी की समस्या के निराकरण के लिए प्राप्त सुझावों पर भी चर्चा की गई। जिला पंचायत सीईओ ने ग्रामीणजनों की समस्याओं को भी सुना।

# चंपतपुर में घर में लगी आग, गृहस्थी का सामान जलने पर लक्ष्य संगठन ने त्वरित सहायता के रूप में खाद्यान एवं आर्थिक रूप से नगद राशि की भेंट





**पन्ना।** अजयगढ़ जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत नारायण पुर के ग्राम चंपतपुर में अज्ञात कारणों के चलते अचानक भोला लोध पिता जुराखन लोध के घर मे मंगलवार की दोपहर 1 बजे अचानक आग लग जाने के कारण घर पूरी तरह से जलकर खाक हो गया आग इतनी भयानक थी कि शादी के लिए घर में रखे हुए 1लाख 65000 रुपए नगद और उनके घर में रखा हुआ अनाज 8 क्विंटल गेहूं 3 क्विंटल अरहर 1 क्विंटल सरसों ,25 किलो लहसुन और 2 क्विंटल चना और अन्य सामान बुरी तरह से जल गए। उन्होंने अपनी जान बचा लीए लेकिन उनके पास अब रहने के लिए कोई घर नहीं बचा है और उनकी सारी संपत्ति भी जल गई है। भोला लोध इस कठिन समय में आपकी मदद मांग रहे हैं। जो भी इस मुश्किल घड़ी में उनकी मदद कर सकता हैए कृपया आगे आएं। जिसमें लक्ष्य शिक्षा एवं राहत कोष फाउंडेशन पन्ना के प्रयास से आज त्वरित सहयोग राशि एवं खाद्यान उपलब्ध कराया गया। साथ ही आज तहसीलदार एवं पटवारी द्वारा मौके में जाकर पंचनामा कार्यववाही की गई। एवं आर्थिक मदद का भरोसा दिया गया। जहां लक्ष्य स्वयंसेवकों द्वारा उनके घर पहुंच कर आर्थिक मदद के रूप त्वरित भोजन सामग्री एवं नगद राशि सोप गई। जिसमें लक्ष्य जिला संरक्षक आदरणीय श्री चन्द्रपाल सिंह लोधी एडीओ (जल संसाधन विभाग) छतरपुर निवासी पंचमपुर द्वारा 10 हजार रूपये एवं 50 किलो आटा, श्री रामशरण सिंह लोधी रिटायर्ड आबकारी अधिकारी द्वारा एक हजार रूपये, गेंहू एवं चावल, राष्ट्रीय लोधी युवा महासभा पन्ना के जिलाध्यक्ष श्री चन्द्रशेखर सिंह लोधी (शिक्षक) द्वारा एक क्विंटल गेहूं, नयागांव सरपंच पूर्व भाजपा मण्डल अध्यक्ष कौशल किशोर सिंह लोधी द्वारा एक हजार नगद एवं एक क्विंटल गेहूं, खोरा के पूर्व सरपंच रामधाम सिंह लोधी द्वारा एक क्विंटल गेंहू, श्री राजेन्द्र लोधी (पत्रकार) लक्ष्य प्रदेश मीडिया प्रभारी द्वारा 1-बाल्टी एवं 10 किलो गेहूं, भानू लोधी द्वारा 20 किलो गेहूं सहित ग्राम पंचायत के सरपचं रामगोपाल मुन्ना जी द्वारा हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। लक्ष्य कोचिंग एवं सोसल मीडिया प्रभारी श्री राजेश कुमार लोध ;(स्प्ब्-सलाहकार)खोरा राजू दादा चम्पतपुर, राहुल सिंह मंजूदादू पंचमपुर, ने स्वयं जाकर हालात का आंकलन किया है। पीड़ति सम्पूर्ण परिवार के लिए,एवं उनकी लड़की की शादी के (जो 13 मई को है) तात्कालिक आर्थिक और भोजन की व्यवस्था के लिए सभी लोग सहयोग करने की अपील की गई है।

# नींद में झपकी आने से बाइक से गिरी महिला, इलाज के दौरान मौत



अजयगढ-करतल रोड में बाबूपुर के पास की घटना दोनों परिवारों में मातम

**अजयगढ़।** ससुराल से अपने भाई के साथ बाईक में बैठ कर मायके अजयगढ़ के पास ग्राम पिस्टा आ रही महिला को नींद की झपकी आने से वह बाईक से गिर कर गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गई जिसकी अजयगढ़ अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई है। घटना के संबंध में बताया गया है कि 16 अप्रैल 2025 को दोपहर 12 बजे अजय यादव अपनी बहन लक्ष्मी यादव पति रोहित यादव उम्र 22 वर्ष को लेकर करतल से पिष्टा आ रहा था तभी बाबूपुर के पास अचानक लक्ष्मी को नींद की झपका आने से बाइक से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे ग्रामीणों की मदद से एम्बुलेंस पर अजयगढ़ अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान लक्ष्मी ने दम तोड़ दिया, उक्त घटना से दोनों परिवारों में मातम का माहौल बताया जा रहा है। अजयगढ़ थाना पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम उपरांत मृतिका का शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया है। उत्तर प्रदेश की घटना होने के कारण पंचनामा व कथन लेकर जीरो पर कायमी कर मामला नरैनी थाना भेज दिया जाएगा।

# वैष्णव माता विधि महाविद्यालय के एलएलबी संकाय के छात्रों ने थाना कोतवाली का किया विजिट

### छात्र-छात्राओं ने थाना में जानी पुलिस की कार्यप्रणाली




**पन्ना।** वैष्णव माता विधि महाविद्यालय पन्ना के एलएलबी तृतीय वर्ष छटवें सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमानुसार अपने नजदीकी थाना विजिट करने का प्रावधान है। जिस पर दिनांक 16 अप्रैल 2025 को महाविद्यालय के विधि संकाय के छटवें सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं द्वारा थाना कोतवाली पन्ना का भ्रमण/विजिट किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी नगर निरीक्षक रोहित मिश्रा द्वारा छात्र-छात्राओं को कोतवाली के विभिन्न सेक्शनों जैसे मालखाना, पुलिस विवेचना, अभिलेखागार सहित थाना में फरियाद लेकर आने वाले फरियादियों की सूचना पर पुलिस कैसे कार्यवाही करती है सारी जानकारी उपलब्ध कराई गई। टीआई श्री मिश्रा द्वारा छात्र-छात्राओं को सायबर अपराध के संबंध में भी जानकारी दी गई और सभी को इससे सजग रहने की बात कही गई। यदि किसी के साथ भी ऐसा अपराध घटित होता है तो बिल्कुल डरने की जरूरत नहीं है वह तत्काल पुलिस की सहायता लें पुलिस सदैव उनकी सहायता के लिए तत्पर है। इस दौरान थाना में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक मान सिंह बिसेन द्वारा छात्र-छात्राओं को विस्तार से सबसे पहले प्रधान आरक्षक लेखक कक्ष में होने वाली कार्यवाही, अभिलेखागार, मालखाना के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराते हुए बताया कि थाना में पुलिस कैसे किसी फरियादी के सूचना आवेदन पर तत्परता के साथ कार्यवाही करती है।

छात्र-छात्राओं द्वारा भी एएसआई श्री बिसेन से पुलिस की कार्यवाही करने के संबध में विभिन्न प्रश्न पूंछे जिसका उन्हें संतोषजनक जबाव मिला। इस दौरान महाविद्यालय के काफी संख्या में छात्र-छात्रायें व स्टॉफ उपस्थित रहा। वापिस महाविद्यालय लौटने पर सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए महाविद्यालय संचालक अंकुर त्रिवेदी ने कहा कि एलएलबी पाठ्यक्रम में कोतवाली विजिट उनकी पढाई का हिस्सा है और वहां जाकर उन्होंने जो भी कार्यप्रणाली देखी है उसे आत्मसात करें जिससे भविष्य में उनके वह काम आ सकें। इस दौरान विधि संकाय से सहायक प्राध्यापक राजकुमार सेन द्वारा छात्र-छात्राओं को कोतवाली विजिट से संबधित प्राप्त जानकारी को अपनी डायरी में लिखने की बात कही गई। इस कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अविनाश पाण्डेय, मनोज कुमार गौर, पंकज पाण्डेय, बृजकिशोर त्रिपाठी, भरत सिंगरौल, नरेन्द्र, रानी यादव, अरविन्द शुक्ला, श्रीमती नितिका डनायक, साधना साहू, अमित पाण्डेय, भूपेन्द्र चौबे, मनोज जडिया, अतुल पाण्डेय, नेहा सेन, रिचा तिवारी, सविता उपस्थित रहे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सुन्दर जू की तलैया के यहां श्रमदान कर की गई साफ-सफाई की शुरूआत

पन्ना।

इन्द्रपुरी के अंतर्गत वार्ड नं. 01 विंध्याचल वार्ड के तहत 15 अप्रैल, 2025 को स्थान सुन्दर जू की तलैया के पास श्रीराम शिक्षा प्रसार एवं ग्रामीण विकास समाजोत्थान समीति पन्ना द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनभागीदारी से जल संरक्षण की दिशा में प्रातः 10 बजे भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के पूर्व पन्ना विधायक एवं पूर्व कैबीनेट मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना राजे, उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव, नपाध्यक्ष श्रीमती मीना पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष कैलाश गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि विष्णु पाण्डेय सहित रामऔतार पाठक, अरविन्द सिंह,



रविराज यादव, पुष्पराज सिंह, कमल लालवानी, तरूण पाठक, राजकुमार वर्मा, राजेन्द्र कुशवाहा, बृजेन्द्र गर्ग, राजनारायण सिंह, श्रीमती कल्पना चौहान, सविता सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में पुरूष महिलाओं ने संयुक्त रूप से सुन्दर जू की तलैया में व्याप्त विभिन्न प्रकार के कचरे को श्रमदान करके साफ-सफाई की शुरूआत की। उसके बाद मंचीय कार्यक्रम के तहत सर्व प्रथम मां वीणावादिनी तथा स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष भाजपा नेता द्वय रामऔतार पाठक, पुष्पराज सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर चित्र पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात मंच पर विराजमान अतिथिगणों में सर्व प्रथम श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह, श्रीमती मीना राजे, संतोष सिंह यादव, मीना पाण्डये, विष्णु पाण्डेय, बृजेन्द्र मिश्रा, कैलाश गुप्ता, बब्लू पाठक, रविराज यादव, तरूण पाठक, राजनारायण सिंह, कमल लालवानी, राजेन्द्र कुशवाहा का स्वागत अरविन्द सिंह, स्वाति सिंह, आरती सिंह, दिनेश सिंह, गीतावली, नरेन्द्र सिंह, रामलाल, उमा ने किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम जिला पंचायत अध्यक्ष ने बोलते कहा कि प्रत्येक नागरिक की भी जिम्मेदारी है जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत इस पुण्य कार्य में सहयोग करने की। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कैबीनेट मंत्री, वर्तमान में पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कुआं, बावड़ी और तालाबों की सफाई के संबंध में बारीकी से बात बतलाई तथा कहा शतत रूप से जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाना है जिससे पानी का संरक्षण और संवर्धन हो सके। इस दिशा में म.प्र. शासन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान का लगभग दो माह का समय है जिससे शायद ही कोई कुआं, बावड़ी या तालाब शेष बचेगा जिसका संरक्षण और संवर्धन ना हो। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार वर्मा ने किया तथा आभार आशीष सोनी ने जताया। कार्यक्रम में नपा सी.एम.ओ. शशि कपूर गढ़पाले सहित सफाई दूतों का सम्मान किया गया। पुष्पेन्द्र सिंह, जयपाल सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में श्रोता-दर्शकगण उपस्थित रहे।

# जल संरक्षण कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति तत्काल जारी करें
## जल गंगा संवर्धन अभियान में जन भागीदारी सुनिश्चित करें - कलेक्टर

रीवा ।



कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में जल संरक्षण के कार्य बड़े पैमाने पर लिए गए हैं। इसकी कार्ययोजना में शामिल खेत तालाब निर्माण, अमृत सरोवर निर्माण, कुओं तथा हैण्डपंपों में रिचार्ज पिट बनाने एवं अन्य जल संरक्षण कार्यों की तकनीकी और प्रशासकीय स्वीकृति 20 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से जारी कर दें। कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा इसका व्यक्तिगत रूचि लेकर मानीटरिंग करें। जल गंगा संवर्धन अभियान में ग्रामीण विकास विभाग के साथ अन्य विभागों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। शासन स्तर से तय कार्ययोजना के अनुसार जल संरक्षण के कार्य कराएं। जल गंगा संवर्धन अभियान में लोगों को जल संरक्षण के लिए जागरूक करें। इसके लिए रैली, संगोष्ठी, दीवार लेखन तथा अन्य उपायों का उपयोग करें। इस अभियान में सामाजिक संगठनों और आमजनता की भागीदारी सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि अभियान के तहत मनरेगा के 1208 अधूरे कार्यों को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इनमें से अब तक पूर्ण 89 कार्यों का पूर्णता प्रमाण पत्र जारी कराएं। सभी अधूरे कार्य 20 मई तक पूरे कराकर इनका पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करें। खेत तालाब निर्माण के लिए चिन्हित 393 कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति तत्काल जारी करें। महाप्रबंधक उद्योग तथा क्षेत्रीय संचालक औद्योगिक विकास निगम औद्योगिक इकाईयों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने तथा दूषित पानी को साफ करने की संरचनाएं अनिवार्य रूप से बनवाएं। उप संचालक कृषि आत्मा परियोजना एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिकारियों के साथ किसानों के बीच जाकर उन्हें कम पानी में ली जाने वाली फसलों की जानकारी दें। स्प्रिंकलर के उपयोग तथा जल संरक्षण के अन्य उपायों के प्रति किसानों को जागरूक करें। जिला शिक्षा अधिकारी सभी स्कूलों की पानी की टंकियों की साफ-सफाई कराएं। स्कूलों में जल संरक्षण का संदेश देने के लिए निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता तथा अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन कराएं। सभी सीएमओ नगरीय निकायों में जल स्त्रोतों की साफ-सफाई, हैण्डपंपों में रिचार्ज पिट बनाने तथा मकानों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान शासन की उच्च प्राथमिकता का कार्यक्रम है। इसमें शामिल सभी विभाग जल संरक्षण की गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल रहें। प्रत्येक दिन के कार्य की जानकारी व्हाट्सएप ग्रुप पर अच्छे फोटोग्राफ के साथ उपलब्ध कराएं। जनसम्पर्क अधिकारी जल संरक्षण की गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। कार्यपालन यंत्री जल संसाधन अभियान के तहत नहरों की साफ-सफाई और सुधार का कार्य प्राथमिकता से कराएं। वन मण्डलाधिकारी जल गंगा अभियान के दौरान वन क्षेत्र के जल स्त्रोतों की साफ-सफाई, स्टापडैम, चेकडैम तथा अन्य जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण कराएं। वृक्षारोपण की भी पूरी तैयारी कर लें। आयुक्त नगर निगम शहर के प्रमुख तालाबों तथा बीहर एवं बिछिया नदी में साफ-सफाई का कार्य कराएं। साथ ही माई भारत पोर्टल में जल दूतों का पंजीयन भी कराएं। जन अभियान परिषद तथा ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े समूह ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण के लिए जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें। एसडीएम अभियान के तहत सभी नहरों, अमृत सरोवरों तथा अन्य तालाबों को खसरे में दर्ज कराएं। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े, सभी एसडीएम, संयुक्त कलेक्टर, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### आईजी ने सतना जिले की कानून व्यवस्था की समीक्षा की



**रीवा।** रीवा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत ने सतना जिले में कानून व्यवस्था की समीक्षा की। पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित बैठक में उन्होंने अपराध नियंत्रण, लंबित प्रकरणों के निराकरण और जनसेवा की स्थिति की गहन समीक्षा की। इस दौरान आईजी ने सतना पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं नगर पुलिस अधीक्षक कार्यालय को उत्कृष्ट कार्यों के लिए आईएसओ अवार्ड प्रदान किया। यह सम्मान पारदर्शिता, कार्यकुशलता और नागरिक सेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया। बैठक के बाद आईजी ने कानून व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभाने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों से अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और जनहित में समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर एसपी आशुतोष गुप्ता, एएसपी शिवेश सिंह बघेल, विक्रम सिंह कुशवाहा,सीएसपी महेन्द्र सिंह सहित कई अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

### थल सेना अध्यक्ष ने उप मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**रीवा ।** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने भोपाल स्थित निज निवास पर विंध्य क्षेत्र एवं मध्यप्रदेश के गौरव, भारतीय थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी एवं उनकी धर्मपत्नी का सपरिवार स्वागत एवं अभिनंदन किया। जनरल द्विवेदी विंध्य की माटी के वह अनमोल रत्न है जो आज अपनी सेवाएं माँ भारती की सीमाओं की रक्षा करने वाली भारतीय थल सेना के अध्यक्ष के रूप में दे रहे हैं। इस अवसर पर विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा की गई।

### राज्यपाल से उप मुख्यमंत्री ने की सौजन्य भेंट



**रीवा ।** राज्यपाल शमंगुभाई पटेल से राजभवन में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सौजन्य भेंट की।

प्रभारी मंत्री आज बिछिया नदी उद्गम स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में होंगे शामिल

### जिला योजना समिति की बैठक की करेंगे अध्यक्षता

**रीवा।** रीवा जिले के प्रभारी मंत्री तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल 17 अप्रैल को सुबह 7 बजे राजनिवास से प्रस्थान करेंगे तथा सुबह 8 बजे मऊगंज जिले में पहुंचकर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बिछिया नदी उद्गम स्थल पर पूजन, जनचर्चा एवं ग्रामसभा कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद प्रभारी मंत्री सुबह 10.30 बजे वापस राजनिवास रीवा पहुंचेंगे तथा सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित जिला योजना समिति की बैठक में शामिल होंगे। प्रभारी मंत्री का दोपहर 2 बजे से दोपहर 3.55 बजे तक का समय आरक्षित रहेगा। प्रभारी मंत्री कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में शाम 4 बजे से 5 बजे तक आयोजित पंच-सरपंच सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद प्रभारी मंत्री शाम 5.05 बजे राजनिवास पहुंचेंगे तथा शाम 6 बजे राजनिवास से प्रस्थान कर शाम 6.10 बजे पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा डॉ. अजय सिंह के निवास हरिहरपुर जायेगें तदुपरांत शाम 6.30 बजे प्रभारी मंत्री श्री पटेल दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट के लिए प्रस्थान करेंगे।

# पीएम आवास में कब्जाधारियों को नगर निगम ने हटाया

### रतहरा बंसल बस्ती के पीएम आवास में लोगों ने बना लिया था अवैध ठिकाना



**रीवा ।** शहर के समान थाना अंतर्गत रतहरा अनंतपुर की सीमा के बंसल बस्ती में बने पीएम आवास में अवैध कब्जाधारियों को नगर निगम अमला ने दल बल के साथ हटाया, जिसमे 147 फ्लैट में अवैध रूप से कब्जा कर रह रहे लोगों को हटाया गया।दरअसल पीएम आवास योजना के तहत नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत 238 फ्लैट बने हुए हैं जिसमें 91 फ्लैट का आवंटन किया गया था वही 147 लोग अवैध रूप से कब्जा कर के रह रहे थे। साथ ही आवास कॉलोनी में बने पार्किंग स्थल पर भी कब्जाधारियों ने झुगी झोपड़ी बनाकर रह रहे थे, शिकायत मिलने के बाद नगर निगम अमले ने प्रशासनिक पुलिस टीम के साथ पहुंचकर अवैध रूप से कब्जा किए हुए कब्जाधारियों को हटाया गया, बता दे को कई मकानों में लोगों ने ताला तोड़कर अपना कब्जा जमा रखा था। नगर निगम के अधिकारियों की लापरवाही की वजह से उक्त मकानों में लंबे समय से अवैध कब्जा था। नगर निगम की टीम ने लोगों को बाहर कर उसमे अपना ताला लगा लिया है। इस कार्यवाही का वहाँ मौजूद महिला, पुरूषों ने विरोध किया एवं लेकिन भारी संख्या में मौजूद पुलिस बल के सामने सब शांत हो गये। बलडोजर ने अवैध तौर पर बने टपरों को धराशायी कर दिया। इस दौरान नायब तहसीलदार यतीश शुक्ला, नगर निगम जोनल अधिकारी एचके त्रिपाठी, सहायक यंत्री संतोष पाण्डेय, एसके गर्ग सहित अन्य मौजूद रहे।बॉक्स पार्किंग स्थल पर भी जमा लिए थे डेरा रतहरा के तालाब की मेढ़ पर बसे लोगों को गत वर्ष पूर्व हटाया गया था। जहां से लोगों ने पीएम आवास के मकान के नीचे पार्किंग स्थल पर अपना डेरा जमा लिया था। धीरे-धीरे परिसर के बाहर भी झोपड़ी बनाकर लोग रहने लगे थे। नगर निगम की ओर से कोई व्यवस्था नहीं दिए जाने की वजह से अवैध रूप से कई वर्षों से से लोग रह रहे हैं।

# साहब मैं अभी जिंदा हूं, अंत्येष्टि राशि भी खा गये सरपंच सचिव
## कलेक्टर कार्यालय अपनी मौत का प्रमाण पत्र लेकर पहुंचा वृद्ध

रीवा।



जिले में मंगलवार को अजीबो गरीब मामला सामने आया है जहां जनपद गंगेव अंतर्गत ग्राम भमकी से अपनी मौत का प्रमाण पत्र लेकर जनसुनवाई में आए काशी प्रसाद मुड़हा 61 वर्ष ने अधिकारियों से कहा कि साहब, मै जिंदा हूं, उन्होंने कहा कि गांव के सरपंच/सचिव ने 2018 में मुझे कागजों में मृत घोषित कर दिया। पीड़ित ने अधिकारियों से कहा कि साहब में जिंदा हूं। मेरे नाम पर न सिर्फ मृत्यु प्रमाण पत्र जारी हो गया अपितु अंत्येष्टि के लिये शासन द्वारा प्रदत्त आर्थिक सहायता की राशि का आहरण भी कर लिया गया। उन्होंने बताया कि जब जमीन का ई-केवायसी कराने गया तब मुझे इस बारे में पता चला कि मुझे तो सालों पहले मार दिया गया है। इसके लिए बकायदा सरपंच/सचिव को अंत्येष्टि में दी जाने वाली सहायता राशि भी दी गई थी। 1 अगस्त 2018 को मुझे मृत घोषित किया गया। 14 अगस्त 2018 को मेरा मृत्यु प्रमाण पत्र अधिकारी द्वारा जारी कर दिया गया। मेरे साथ ऐसा कुछ हुआ है 6 साल तक मुझे इस बारे में पता ही नहीं चला। अधिकारियों से शिकायत की गई, तो जनसुनवाई में मौजूद अधिकारियों ने आवेदक को थाने में जाकर शिकायत करने की सलाह दी। आवेदक का कहना है कि सरपंच सचिव ने जिंदा होते हुए भी मुझे कागजों में क्यों मृत घोषित कर दिया, मुझे नहीं पता। मिली जानकारी अनुसार जनपद पंचायत गंगेव के अंतर्गत ग्राम धुधकी निवासी काशी प्रसाद मुड़हा (ने अपने परिवार जनों के साथ कलेक्ट्रेट रीवा में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में उपस्थित होकर अधिकारियों को अवगत कराया कि वह जीवित हैं बावजूद उसके भी उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उनकी मृत्यु का कारण सामान्य दर्शर्शाते हुए 1 अगस्त 2018 को मृत्यु होने का प्रमाण पत्र 14 अगस्त 2018 को जारी कर दिया गया। पूरे प्रमाण के साथ जनसुनवाई में उपस्थित हुए काशी प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना में श्रमिकों को दी जाने वाली अंत्येष्टि सहायता राशि के 5 हजार रुपये भी मृतक काशी प्रसाद के नाम पर प्रदाय हो गये। उन्होंने इस साजिश में सरपंच और सचिव की भूमिका होना बताया।बॉक्स अधिकारियों ने एफआईआर दर्ज कराने की दी सलाहसरकारी दस्तावेज में 2018 में मृत घोषित किये जा चुके काशी प्रसाद ने जब पूरी कहानी अधिकारियों को बताया तो अधिकारियों के होश उड़ गए उन्होंने षड़यंत्र और फ्रॉड का अंदेशा व्यक्त करते हुए पीड़ित को एफआईआर दर्ज कराने की सलाह दी, जीवित मुर्दा काशी प्रसाद के मुताबिक वह थाने में एफआईआर दर्ज करायेंगे। हालांकि जिले में इस प्रकृति के फर्जीवाड़ा लगातार सामने आ रहे हैं उसके बावजूद प्रशासन चुप्पी साधे बैठा हुआ है।

## जनता के बीच पहुंची पुलिस, सुनी समस्याएं अपराधों को लेकर किया जागरूक
# नौवस्ता चौकी व छिजवार में हुआ चौपाल का आयोजन



रीवा।

रीवा जोन नवागत आईजी आईपीएस गौरव राजपूत द्वारा चालू की गई मुहिम का अब धरातल में असर दिखाई देने लगा है, मंगलवार को पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के निर्देशन पर सीएसपी रितु उपाध्याय ने मंगलवार को चोरहटा थाना क्षेत्र के नौवस्था चौकी अंतर्गत छिजवार में नव पहल करते हुए चौपाल लगाकर आम लोगों की समस्याए सुनी। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रीय लोगों से चर्चा की साथ ही सायबर क्राइम,नशा के विरुद्ध अभियान, महिला सुरक्षा, शिक्षा का महत्व के संबंध में लोगों को जागरूक करते हुए अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए गर्मी के मौसम में नरवाई/पराली न जलाने की अपील की। ग्रामीणों को बच्चों की पढ़ाई का खर्च न उठा पाने वाले बच्चो की मदद का आश्वासन देते हुए बताया कि पढ़ाई जीवन की दिशा बदलने का महत्वपूर्ण साधन है , साथ ही उन्होने कहा कि पुलिस आपके सहयोग के लिये है हम अपराध के विरुद्ध एकजुट होकर काम करेंगे,अपराध की जानकारी और सूचना देने वालो के नाम गोपनीय रखे जाएंगे इसलिए आगे आकर अपराध की सूचना हमें बताएं। जन चौपाल में ग्रामीणजन द्वारा बताई गई समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए त्वरित निराकरण भी किया गया। जनसंवाद नौबस्ता पुलिस चौकी प्रभारी प्रशांत शुक्ला, छिजवार सरपंच ज्ञानेंद्र सिंह गुड्डू, पुरुषोत्तम मिश्रा, दिलीप त्रिपाठी, धीरू सिंह, नौबस्ता सरपंच अनीश सिंह, केशव सिंह, ददन सिंह तिवारी, वैभव तिवारी, नितिन पाण्डेय, शिव सिंह, गणेश साकेत उपस्थित रहे।

# पिकअप में बोलेरो को मारी टक्कर, एक पुलिस कर्मी सहित दो घायल, अमहिया थाना क्षेत्र के अस्पताल चौरहा की घटना

रीवा।



शहर के अमहिया थाना क्षेत्र अंतर्गत अस्पताल चौराहे की समीप मंगलवार की सुबह - सुबह बोलेरो और पिकअप वाहन में सीधी टक्कर हो गई इस दौरान एक पुलिसकर्मी सहित दो लोग घायल हुए हैं जिन्हें उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार संजय गांधी अस्पताल की पुलिस चौकी में पदस्थ आरक्षक अजय चौधरी अपने एक अन्य साथी के साथ मॉर्निंग वॉक से वापस बोलेरो से घर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे पिकअप से बोलेरो की सीधी टक्कर हो गई जिससे बोलेरो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और बोलेरो में सवार अजय चौधरी सहित उनके दोस्त घायल हो गए है। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी जिसके बाद घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया वहीं मौके पर पहुंची यातायात पुलिस ने क्रेन की मदद से दोनों वाहनों को हटवाया है। वही अमहिया पुलिस अब पूरे मामले की जांच कर रही है।

# मऊगंज मे जिला खाद्य अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण
## खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के दिए निर्देश





मऊगंज

जिले में खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला खाद्य अधिकारी अमित तिवारी के नेतृत्व में एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत शहर के विभिन्न होटलों, रेस्टोरेंटों, मिष्ठान भंडारों एवं चौपटिया क्षेत्र में फूड स्टॉल्स का औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने खाद्य सामग्री की गुणवत्ता, भंडारण व्यवस्था, स्वच्छता मानकों और लाइसेंस की स्थिति की गहन जांच की। इस दौरान कुछ दुकानों एवं फूड स्टॉल्स से खाद्य सामग्री के नमूने भी लिए गए, जिन्हें परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। राजस्थान मिष्ठान भंडार, शुभम स्वीट्स आदि दुकानों से सैंपल लिए गए।चौपटी क्षेत्र में सड़क किनारे फुलकी, चाट, समोसे एवं अन्य खाद्य पदार्थ बेचने वाले विक्रेताओं को साफ-सफाई बनाए रखने, खाद्य सामग्री को ढककर रखने तथा हाथ धोकर ही खाद्य निर्माण एवं परोसने की सलाह दी गई। एक बार तेल का उपयोग हो जाने पर दोबारा तेल का उपयोग नहीं करने की हिदायत दी गई, साथ ही बिना खाद्य लाइसेंस व्यवसाय करने वालों को जल्द से जल्द लाइसेंस प्राप्त करने का निर्देश दिया गया।

### अधिकारियों द्वारा दिए गए प्रमुख निर्देश:

खाद्य सामग्री को ढक कर रखें — धूल-मिट्टी और कीटाणुओं से बचाव के लिए सभी खाद्य पदार्थों को ढककर रखने की अनिवार्यता बताई गई।*व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखें —* खाद्य विक्रेताओं को साफ कपड़े पहनने, हाथ धोने एवं नाखून काटने जैसे निर्देश दिए गए।*लाइसेंस अनिवार्य —* खाद्य व्यवसाय से जुड़े सभी लोगों को फूड लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य बताया गया।*स्वच्छ जल का उपयोग करें —* खाद्य निर्माण में उपयोग किए जाने वाले पानी की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।जिला खाद्य अधिकारी अमित तिवारी ने स्पष्ट किया कि आगे से यदि किसी भी दुकान या स्टॉल पर खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाया गया, तो संबंधित के विरुद्ध विधिसम्मत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे केवल स्वच्छता एवं सुरक्षा मानकों का पालन करने वाले प्रतिष्ठानों से ही खाद्य सामग्री खरीदें। अमित तिवारी ने कहा खाद्य सुरक्षा केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

# हनुमना पुलिस ने चोरी के आरोपियों को 24 घण्टे की भीतर किया गिरफ्तार

**मऊगंज।** जिले के हनुमना पुलिस ने बड़ी तत्परता के साथ 24 घण्टे के भीतर चोरी के आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने मलैगवां निवासी फरियादी विनोद कुमार पटेल पिता कालू प्रसाद पटेल की रिपोर्ट पर दिनांक 13/04/2025 को अपराध क्रमांक 130/25 धारा 303 (2) बी.एन.एस का कायम कर विवेचना मे लिया गया था। पुलिस के मुताबिक विवेचना दौरान निर्माणाधीन मकान मे चोरी करने वाले राहुल केवट पिता रामजीत केवट उम्र 20 साल,हनुमान उर्फ लाला केवट पिता दशरथ केवट उम्र 25 साल दोनो निवासी मलैगवा थाना हनुमना जिला मऊगंज (म.प्र.) को गिरफ्तार कर चोरी की गई लोहे की सरिया 01 कुन्टल कीमत 6500 रुपये मोटर पम्प 02 एचपी कीमती 30000 रुपये की सामग्रियो को जप्त किया जाकर उनसे पूछताछ किया जा रहा है।



